17

मध्यप्रदेश शासन
उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय

क्रमांक 395/320/2019/38-2 भोपाल, दिनांक 16/04/2019

प्रति,

प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
स्कूल शिक्षा विभाग,
मंत्रालय, भोपाल।

विषयः—मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट द्वारा संचालित समाजकार्य स्नातक पाठ्यक्रम के संचालन विषयक।

संदर्भः— मध्यप्रदेश शासन, योजना, आर्थिक एवं साख्यिकी विभाग, मंत्रालय का पत्र क्रमांक 274/363/19/23/यो, दिनांक 23.02.2019।

----0----

संदर्भित पत्र के द्वारा विषयांकित प्रकरण में अवगत कराया गया है कि मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् की कार्यकारिणी समिति की बैठक दिनांक 21.02.2019 में लिये गये निर्णय के अनुसार विषयांकित पाठ्यक्रम का संचालन अब उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से किया जाएगा। कृपया विदित हो कि पूर्व में इस पाठ्यक्रम का क्रियान्वयन जन अभियान परिषद के माध्यम से किया जाता था एवं 313 विकासखण्डों में स्थापित उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अध्ययन केन्द्र के रूप में कार्य करते थे।

उल्लेखनीय है कि उक्त 313 विकासखण्डों में से केवल 261 विकासखण्डों पर ही शासकीय महाविद्यालय संचालित है, जिनको अध्ययन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संलग्न निर्देश जारी किया जा चुका है। शेष 52 विकासखण्डों में कार्यक्रम का क्रियान्वयन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के माध्यम से किया जाना होगा।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश में पाठ्यक्रम संचालन संबंधी मुख्य बिन्दुओं का उल्लेख किया गया है, जिसे संदर्भ के रूप में ग्रहण किया जा सकता है।

अतः संलग्न सूची के 52 विकासखण्डों में संचालित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अध्ययन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए आदेश जारी करने का अनुरोध है।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(सलीना सिंह)
अपर मुख्य सचिव
म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग